17 जनवरी 2013

जिला प्रशासन का गांव मलिकपुर (खण्ड सीवन) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।

उपलब्धियां

1. इंदिरा प्रिय दर्शिनी विवाह शगुन योजना के तहत 13 लाभार्थीयों को 3 लाख 83 हजार रूपए धनराशि के चैक प्रदान किए गए।

2. उपमंडलाधीश कार्यालय द्वारा 65 लर्नर ड्राइविंग लाईसैंस बनाए गए।

3. खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 8 नए राशन कार्ड बनाए गए तथा 2 सरेंडर सर्टिफिकेट जारी किए गए।

4. जिला प्रशासन के जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत मलिकपुर गांव में 305 पानी के कनैक्शन नियमित किए गए।

5. स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिनभर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में तैनात चिकित्सों द्वारा 669 लोगों का उपचार किया गया।

6. आयुष विभाग द्वारा लगभग 400 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच के उपरान्त दवाईयां दी गई।

7. उप निदेशक पशुपालन विभाग द्वारा लगाए गए शिविर के माध्यम से 515 पशुओं का उपचार किया गया।

8. राजस्व विभाग द्वारा 8 इंतकाल किए गए।

9. समाज कल्याण विभाग द्वारा 74 वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के फार्म स्वीकार किए गए।

10 बिजली विभाग द्वारा 23 नए घरेलु कनैक्शन तथा 10 खराब मीटर बदले गए।

11. चुनाव विभाग द्वारा 64 युवकों के वोट बनाए गए।

12. बाल संरक्षण विभाग द्वारा कन्या भ्रुण हत्या राकने के लिये जघु नाटिका प्रस्तुत की गई।

13. गांव के स्कूल के छात्र सुमित, छात्रा सत्यदेवी व छात्रा शोभा देवी को शिक्षा प्रद कविताओं के लिये सम्मानित किया गया।

14. प्रसिद्ध कवि दिनेश रघुवंशी को ग्राम पंचायत द्वारा सम्मानित किया गया।

15. हरियाणा रोडवेज की तरफ से कैथल से मलिकपुर के लिये दिन में तीन बार बस चलाई जाएगी।

16. तीन हरिजन व वाल्मीकि चौपालों की मुरम्मत के लिए प्रशासन की तरफ से चैक प्रदान किए गए।

17. गांव में रिटेनिंग वाल का निर्माण किया जाएगा।